## जनवरी 2014

- केरल राज्य में पवन ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए एनएचपीसी एवं केरल सरकार के बीच 6.01.2014 में तिरुवनंतपुरम में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एनएचपीसी पल्लाकाड जिले में स्थित नल्लासिंगम एवं कोट्टाहारा स्थलों में 82 मेगावाट क्षमता की ग्रिड इंटरएक्टिव पवन ऊर्जा परियोजना का विकास करेगी।
- एनएचपीसी को अपने इक्विटी शेयरों की पुनर्खरीद की शुरूआत करने वाली प्रथम सीपीएसयू होने का गौरव मिला है। विनिवेश विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एनएचपीसी को सफलतापूर्वक पुनर्खरीद (बाईबैक) प्रक्रिया के समापन के लिए प्रशंसा पत्र प्राप्त हुआ है, जिसके तहत भारत सरकार को कंपनी से खरीदे गए शेयरों के रूप में 2131.28 करोड़ रुपए राशि प्राप्त हुई है ।
- निदेशक मंडल ने दिनांक 31.01.2014 को आयोजित हुई अपनी बैठक में 31.12.2013 को समाप्त तिमाही के लिए अपरीक्षित वित्तीय परिणामों को स्वीकार कर लिया है। इस अवधि में कंपनी ने 1123.38 करोड़ रुपए का बिक्री कारोबार किया और 259.35 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।
- माननीय संसद सदस्य श्री बिरेन्द्र प्रसाद बैश्य की अध्यक्षता में सरकारी आश्वासनों संबंधी संसदीय समिति ने 23.01.2014 को मुंबई स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों और सार्वजनिक उपक्रमों में नियुक्त आकस्मिक श्रमिकों के संबंध में दिये गए आश्वासनों के जाँच की। समिति ने अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी, निदेशक(तकनीकी), निदेशक (परियोजनाएं) एवं निदेशक (कार्मिक) के साथ एनएचपीसी से संबंधित मामलों पर विचार विमर्श किया।
- पर्यावरण और वन मंत्रालय ने 8.01.2014 को 800 मेगावाट की तवांग-II परियोजना (अरुणाचल प्रदेश) के लिए सैद्धांतिक रूप से 116.62 हेक्टेयर वन भूमि की डाइवर्जन हेतु क्लियरेंस एवं 520 मेगावाट तीस्ता चरण-IV जल विद्युत परियोजना, सिक्किम को 9.01.2014 को पर्यावरण क्लियरेंस प्रदान कर दी है।
- टॉप रैंकर्स मैनेजमेंट कंसल्टैटस द्वारा श्री आर.एस. मीना, निदेशक (कार्मिक) को टॉप रैंकर्स एचआर एक्सिलेन्स अवार्ड से सम्मानित किया गया । श्री मीना को व्यवसाय परिवर्तन में तेजी - आचरण एवं संस्कृति में सर्वश्रेष्ठ विषय में 17.01.2014 को नई दिल्ली में आयोजित 15वीं नैशनल मैनेजमेंट सम्मिट में मानव संसाधन प्रबंधन में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया ।
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों ने कुल मिलकर माह जनवरी 2014 के दौरान 16409 मिलियन यूनिट संचयी बिजली का उत्पादन किया।

## दिसंबर 2013

- वर्ष 2013 में एनएचपीसी ने 357 मेगावाट की क्षमता अभिवृद्धि की है, जिसमें शामिल है –132 मेगावाट की तीस्ता लो डैम-III, 45 मेगावाट की निम्मो बाजगो और 240 मेगावाट क्षमता की उड़ी-II की 180 मेगावाट की तीन यूनिटों को संचालित करना।

- एनएचपीसी के इतिहास में पहली बार 1000 करोड़ रुपये के कर-मुक्त बाण्ड आम जनता के लिए जारी किए थे और इसके लिए निवेशकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। एनएचपीसी को 2367.89 करोड़ रुपये की राशि के 10% प्रदत्त इक्विटी शेयरों की पुनर्खरीद करने वाली पहली केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बनने का भी गौरव प्राप्त हुआ है और उसने इस ऑफर को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया।
- ताप, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा आदि व्यवसायिक क्षेत्रों में विविधिकरण (डाइवर्सिफिकेशन) करने से कंपनी को अपेक्षित परिणाम मिलने प्रारंभ हो गए हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में 1320 मेगावाट (2x660 मेगावाट) के ताप संयंत्र के निष्पादन के लिए समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं और उत्तर प्रदेश में 50 मेगावाट के सौर-ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से अन्य समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। पवन ऊर्जा की परामर्शी सेवाओं के लिए एनएचपीसी और सी-वेट के मध्य भी समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
- ओडिशा राज्य में ओडिशा सरकार, एनएचपीसी और ओएचपीसी के साथ 21.12.2013 को भुवनेश्वर में कुल 1020 मेगावाट की 6 जलविद्युत परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए संयुक्त उपक्रम कंपनी गठित करने के लिए प्रोमोटर एग्रीमेंट हो गया है।
- हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायालय ने जम्मू व कश्मीर में किशनगंगा जलविद्युत परियोजना के निर्माण हेतु किशनगंगा नदी के पानी को मोड़ने के लिए भारत को अनुमति प्रदान कर दी है।
- एनएचपीसी ने 4000 मेगावाट की ओडिशा अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट के बोली चरण में भागीदारी के लिए पूर्व-अर्हता (प्री-क्वालीफाइड) प्राप्त कर ली है।
- श्री ए.बी.एल. श्रीवास्तव, निदेशक (वित्त) को 14.12.2013 को नई दिल्ली में ईपीसी वर्ल्ड मीडिया ग्रुप द्वारा “पावर सैक्टर में सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत योगदान” के लिए सम्मानित किया गया है।
- एनएचपीसी ने ऊर्जा संरक्षण 2013 के राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत अरुणाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, मणिपुर, जम्मू व कश्मीर और सिक्किम राज्यों में विद्यालय और राज्य स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है।
- माह दिसंबर 2013 में सभी पावर स्टेशनों ने कुल मिलाकर 15907 मिलियन यूनिट संचयी विद्युत उत्पादन किया है।

## नवम्बर 2013

- एनएचपीसी ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में 30.09.2013 को समाप्त छमाही के दौरान 1426.84 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ एवं 3215.72 करोड़ रुपए का बिक्री कारोबार किया हैं। निदेशक मंडल ने एनएचपीसी शेयर्स की पुनर्खरीद (बाइबैक) का अनुमोदन कर दिया है, जो कि 29.11.2013 से शुरू हो चुकी है।

- माननीय संसद सदस्य श्री जगदानन्द सिंह की अध्यक्षता में ऊर्जा की स्थायी समिति ने 15.11.2013 को पुणे में “जलविद्युत सैक्टर का विकास - मूल्यांकन एवं फास्ट ट्रैकिंग” विषय पर बैठक कर चर्चा की । अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने निदेशक (वित्त), निदेशक (तकनीकी) एवं निदेशक (परियोजनाएं) के साथ इस बैठक में भाग लिया था ।
- राजभाषा के कार्यान्वियन हेतु संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति ने 30.11.2013 को पीआईडी, पठानकोट के राजभाषा संबंधी कार्यों की समीक्षा नई दिल्ली में की । इस निरीक्षण के दौरान समिति के सदस्यों ने वरिष्ठ अधिकारियों से निगम में राजभाषा कार्यान्वियन की स्थिति से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की ।
- 14 से 27 नवम्बर 2013 तक नई दिल्ली में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आइआइटीएफ ) 2013 के दौरान मंत्रालयों एवं विभागों की पैवेलियन श्रेणी के अंतर्गत “सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन” के लिए एनएचपीसी के साथ-साथ विद्युत मंत्रालय के अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है ।
- पार्बती-II परियोजना की लॉट पीबी-2 बी का डीबीएम द्वारा एचआरटी का शेष सिविल कार्य के निर्माण , संबद्ध कार्य एवं एचएम निर्माण का कार्य मैसेर्स वालेचा इंजीनियरिंग लिमिटेड, मुंबई को 21.11.2013 को अवार्ड किया गया है।
- उड़ी-II परियोजना (4 x 60 मेगावाट ), जम्मू व कश्मीर की यूनिट-2 ने 01.12.2013 से वाणिज्यिक उत्पादन करना शुरू कर दिया है । अंतिम यूनिट की फ़ाइनल टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है।
- पावर एचआर फॉरम द्वारा शिमला में 22.11.2013 को आयोजित “क्वेस्ट फॉर एक्सिलेंस” नामक इंटर ऑर्गनाइजेशन प्रतियोगिता में एनएचपीसी टीम को सर्वश्रेष्ठ सीएसआर/एसडी व्यवसाय प्रस्ताव के लिए स्पेशल जूरी अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है ।
- टनकपुर पावर स्टेशन को 29.11.2013 से प्रभावी आइएसओ 9001, आइएसओ 14001 एवं ओएचएसएएस 18001 के लिए आइएमएस सर्टिफिकेट्स द्वारा प्रमाणित किया गया है ।
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों ने कुल मिलाकर माह नवम्बर 2013 के दौरान 15313.8 मिलियन यूनिट संचयी बिजली का उत्पादन किया ।

## अक्तूबर 2013

- एनएचपीसी ने डिबेंचर के रूप में टैक्स फ्री, सिक्योर्ड, रिडीमेबल, नॉन- कन्वर्टिबल बॉन्ड टैक्स लाभ सहित जारी किए हैं, जिनकी राशि कुल मिलकर 1000 करोड़ रुपए की होगी। यह बॉन्ड इश्यू सब्स्क्रिप्शन के लिए 18 अक्तूबर 2013 को जारी किया गया था एवं पूर्व निर्धारित 11 नवम्बर 2013 को बंद तारीख की बजाय 23 अक्तूबर 2013 को ही काफी पहले बंद करना पड़ा। यह इश्यू 1000 करोड़ रुपए के कुल इश्यू के आकार के मुकाबले 1.95 गुणा अधिप्रदत्त (ओवर सब्स्क्रबाइड) हुआ है।
- कोटलीभेल-I ए से संबंधित पीआईबी की 23.10.2013 को आयोजित बैठक में परियोजना में निवेश के लिए सिफारिश की गई है।

- 240 मेगावाट की उड़ी-II परियोजना की यूनिट–I व यूनिट–III को 11.10.2013 को वाणिज्यिक आधार पर उत्पादन करने के लिए घोषित कर दिया गया है ।
- निम्मो बाज़गो जलविद्युत परियोजना (3 x15 मेगावाट ) ने 10.10.2013 से वाणिज्यिक उत्पादन करना शुरू कर दिया है ।
- किशनगंगा परियोजना में ईओटी क्रेन के निर्माण के लिए निर्धारित लक्ष्य पावर हाउस सर्विस-बे को समझौता ज्ञापन के मीलस्तंभ "उत्कृष्ट" रेटिंग के साथ 25.10.2013 को प्राप्त कर लिया गया है । इसके अतिरिक्त, 30.09.2013 को परियोजना के पावर हाउस की खुदाई का कार्य भी समझौता ज्ञापन के मीलस्तंभ "उत्कृष्ट" रेटिंग के साथ प्राप्त कर लिया गया है
- पार्बती-II परियोजना में दिसंबर 2013 के लिए निर्धारित बांध कंक्रीटिंग का कार्य 07.10.2013 को समझौता ज्ञापन के मीलस्तंभ "उत्कृष्ट" रेटिंग के साथ प्राप्त कर लिया गया है।
- पूरे संगठन में 28 अक्तूबर से 02 नवम्बर 2013 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।
- "शेयर एनएचपीसी विज़न सीरीज" के अंतर्गत लेखन एवं प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता 2013 का आयोजन 29.10.2013 को फ़रीदाबाद में किया गया गया, जिसमें विभिन्न स्थानों से आई एनएचपीसी की 20 टीमों ने भाग लिया।
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों ने कुल मिलाकर माह अक्तूबर 2013 के दौरान 14500.5 मिलियन यूनिट संचयी बिजली का उत्पादन किया ।

## सितंबर 2013

- 28.09.2013 को रायपुर, छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ राज्य के जिला सरगुजा में 1320 मेगावाट पिट हेड कोल ब्लॉक थर्मल पावर परियेजना के कार्यान्वियन के लिए इफको, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कंपनी लिमिटेड (सीएसपीएचसीएल) एवं एनएचपीसी लिमिटेड के बीच इफको के इफको छत्तीसगढ़ पावर लिमिटेड (आईसीपीएल) में पूरी इक्विटी के हस्तांतरण हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हो गये हैं|
- इंदिरा गांधी राजभाषा अवार्ड योजना के अंर्तगत वर्ष 2011-12 के दौरान राजभाषा कार्यान्वियन में उत्कृष्ट प्रशंसनीय कार्य हेतु 'क' क्षेत्र् में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र् के उद्यमों के बीच एनएचपीसी को गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है|
- कंपनी की 37वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन 16 सितंबर 2013 को फरीदाबाद में किया गया| एनएचपीसी के शेयरधारकों द्वारा 0.60 रूपये प्रति शेयर की दर से अंतिम लाभांश देने के लिए अनुमोदन दिया गया|
- वर्ष 2012-13 के लिए किए गये कुल 738.05 करोड़ रूपये के लाभांश भुगतान में से भारत सरकार की हिस्सेदारी 637.40 करोड रूपये है|
- एनएचपीसी लिमिटेड शीघ्र ही सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से 1000 करोड़ रूपये के टैक्स फ्री बांड जारी करने की प्रक्रिया में है|

- श्री आर.एस. मीना, निदेशक (कार्मिक) को इंस्टीटयूट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइज द्वारा मानव संसाधन ज्ञान क्षेत्र् में अपने संगठनात्मक विकास, नेतृत्व, नवीनता और बदलते प्रबंधन दृष्टिकोण के लिए एचआर लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है | श्री मीना को पीएसयू के 30 सबसे अच्छे एचआर लीडर्स के रूप में भी मान्यता प्रदान की गई है | ये दोनों पुरस्कार बंगलुरू में 5 सितंबर 2013 को आयोजित आईपीईं एशिया पैसिफिक एचआरएम कांग्रेस अवार्डस 2013 समारोह के दौरान प्रदान किए गए|
- 240 मेगावाट की उड़ी-|| परियोजना की 60 मेगावाट प्रत्येक की यूनिट | एवं ||| को क्रमश: 25.9.2013 व 27.9.2013 को रेटिड लोड पर सफलतापूर्वक कमीशन कर दिया गया है|
- पार्बती-|| परियोजना के कंक्रीट बांध के सभी 3 बेज की डेक स्लैब कंक्रीटिंग का कार्य 21.9.1013 को पूरा कर लिया गया है|
- एनएचपीसी ने श्री डी.पी. भार्गव, निदेशक (तकनीकी) की अध्यक्षता में 12.9.2013 एवं 13.9.2013 को क्रमश: परवाणु, हिमाचल प्रदेश में 26वीं तकनीकी समन्वय उप-समिति की बैठक और एनआरपीसी की 29वीं क्षेत्रीय विद्युत समिति की बैठक की मेजबानी की|
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों ने कुल मिलाकर माह सितंबर 2013 के दौरान 13093.3 मिलियन यूनिट संचयी बिजली का उत्पादन किया है|

## अगस्त 2013

- एनएचपीसी और उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा विभाग के अंतर्गत स्थापित अतिरिक्त स्रोतों की नवीन और अक्षय विकास एजेंसी के बीच तहसील कालपी, जिला जालौन में 50 मेगावाट सौर बिजली परियोजना के कार्यान्वयन हेतु संयुक्त उद्यम कंपनी के गठन के लिए 08.08.2013 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए| यह पहल राज्य नोडल एजेंसी और केंद्रीय बिजली क्षेत्र् की स्थापनाओं के बीच संयुक्त उद्यम के आधार पर संचालित की जाने वाली सौर बिजली परियोजना के कार्यान्वयन के लिए देश में प्रथम पहल होगी|
- एनएचपीसी एवं सी-वेट ने भी पवन ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए परामर्शी सेवाएं हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं|
- दो साल की अवधि के लिए इथियोपिया विद्युत निगम को चलाने हेतु इथियोपिया संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य के बिजली और ऊर्जा मंत्रलय के साथ पावर ग्रिड, एनएचपीसी व बीआरपीएल की कंर्सोटियम ने प्रबंधन अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं| कार्य आरंभ हो गया है और प्रबंधकीय प्रतिनिधियों एवं एनएचपीसी के विशेषज्ञों को इथियोपिया में प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया है|
- श्री जे.के. शर्मा, निदेशक (परियोजनाएं) ने 08.08.2013 को श्री वीरभद्र सिंह, माननीय मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश से मुलाकात कर उन्हें पार्बती-।। एवं ।।। परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराया|

- एनएचपीसी ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में धनकरी परियोजना पर बांध की ऊचांई 5 मीटर बढ़ाने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है| इसके बनने से इस जलाशय की क्षमता में वृद्धि हो गई है|
- लॉट पीबी-2ए (टीबीएम द्वारा एचआरटी) का कार्य मैसर्स गैमन-सीएमसी संयुक्त उद्यम को सौंपा गया है, जिसके पश्चात पार्बती-II परियोजना के पूरे होने के सभी मार्ग प्रशस्त हो गए हैं|
- धौलीगंगा पावर स्टेशन की पुनर्स्थापन के कार्य शुरू हो गए हैं एवं डी-वाटरिंग/टरबाइन मंजिल तक पावर हाउस की सफाई का कार्य पूरा हो गया है| पुनर्स्थापन के अन्य कार्य प्रगति पर हैं|
- सुश्री अरूणाचलम नलिनी, सहायक प्रबंधक (वित्त) ने अमेरिका के मिशिगन भाहर में 3 से 10 अगस्त 2013 तक आयोजित 6वें वि व वामन खेल 2013 में तीन स्वर्ण पदक सहित चार पदक जीते हैं| सुश्री नलिनी ने शॉटपुट, डिस्कस थ्रो और बैडमिंटन मिक्सड डबल में स्वर्ण पदक तथा बैडमिंटन महिला एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता|
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों ने कुल मिलाकर अगस्त, 2013 के दौरान 11193 मिलियन यूनिट संचयी बिजली का उत्पादन किया है|

## जुलाई 2013

- एनएचपीसी ने वर्तमान वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में सर्वाधिक शुद्ध लाभ 719.93 करोड़ रूपये तथा 1600.51 करोड़ रूपये का बिक्री कारोबार दर्ज किया है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह राशि क्रमश: 669.82 करोड़ रूपये तथा 1399.12 करोड़ रूपये थी|
- पार्बती-III (520 मेगावाट) की यूनिट नं. 2 की मैकेनिकल स्पिनिंग 02.07.2013 को सफलतापूर्वक प्राप्त कर ली गई है|
- माह जुलाई, 2013 में लाभार्थी राज्यों से ऊर्जा बिलों के लिए 839.64 करोड़ रूपये की अभी तक की अधिकतम मासिक वसूली की गई है| अप्रैल से जुलाई 2013 तक संचयी वसूली 2461.15 करोड़ रूपये है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के लिए अभी तक की रिकार्ड वसूली है|
- चमेरा-| पावर स्टेशन को एसए 8000:2008 एवं आईएसओ 9001:2008, आईएसओ 14001:2004 एवं बीएस ओएचएसएएस 18001:2007 के लिए प्रमाणित किया गया है|
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों ने कुल मिलाकर माह जुलाई 2013 के दौरान 8758 मिलियन यूनिट संचयी बिजली का उत्पादन किया है|

## जून 2013

- ऊर्जा की संसदीय स्थायी समिति ने मौके पर 7 से 12 जून 2013 को गुवाहाटी, गंगटोक, दार्जिलिंग एवं कोलकाता की अध्ययन यात्रा की | इस बैठक में क्षमता वृद्धि कार्यक्रम एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र् में जलविद्युत के विकास के संबंध में एनएचपीसी के बारे में चर्चा की गई| अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने श्री डी.पी. भार्गव, निदेशक (तकनीकी)

के साथ गंगटोक में इस बैठक में भाग लिया एवं तीस्ता लो डैम-III पावर स्टेशन और तीस्ता लो डैम-IV परियोजना की गतिविधियों एवं लंबित कार्यों की समीक्षा की|

- राजभाषा के कार्यान्वयन हेतु संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति ने 19.06.2013 को क्षेत्रीय कार्यालय, ईटानगर में राजभाशा संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की| इस निरीक्षण के दौरान समिति के सदस्यों ने वरिष्ठ अधिकारियों से निगम में राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की|
- निम्मो बाजगो परियोजना की तीसरी यूनिट (15 मेगावाट की यूनिट नं॰ 1) की सफलतापूर्वक कमिशनिंग 17 जून 2013 को कर ली गयी है | वर्तमान में 45 मेगावाट निम्मो बाजगो परियोजना की सभी तीन यूनिट आंशिक लोड पर कमीशन कर दी गयी है |
- सलाल पावर स्टेशन को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2011-12 के लिए उत्तरी क्षेत्र् में सार्वजनिक क्षेत्र् के बीच राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजभाषा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है| यह पुरस्कार सचिव, राजभाषा, गृह मंत्रालय द्वारा चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में 5 जून 2013 को प्रदान किया गया |
- इंटरनेशनल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एसोसिएशन की वैधता के अनुसार परियोजना प्रबंधन एसोसिएशन के प्रमाणीकरण निकाय, इंस्टीट्रयूट ऑफ प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सर्टीफिकेशन द्वारा श्री ए.बी.एल. श्रीवास्तव, निदेशक (वित्त) को सर्टिफाइड प्रोजेक्ट डायरेक्टर, आईपीएमए लेवल 'ए' से सम्मानित किया गया है|
- भारतीय जीवन बीमा (फंड प्रबंधक सह वार्षिकी प्रदाता) द्वारा जारी ईडीसीएसएस ट्रस्ट के तहत वार्षिकी वितरण (पेंशन) प्रमाण-पत्र् एनएचपीसी के पात्र् भूतपूर्व कर्मचारियों को कर्मचारी अंतर्निहित वितरण सेवानिवृत्ति स्कीम के अंतर्गत 12 जून 2013 को फरीदाबाद में वितरित किए गए|
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों ने कुल मिलाकर माह जून 2013 के दौरान 6378 मिलियन यूनिट समेकित बिजली का उत्पादन किया|

## मई 2013

- एनएचपीसी के निदेशक मंडल ने 28.05.2013 को आयोजित बैठक में 31.03.2013 को समाप्त अवधि के लिए वार्षिक लेखों को स्वीकार कर लिया है | निगम ने वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान 2348.22 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ और 5049.13 करोड़ रूपये का बिक्री कारोबार किया है| निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिए अंतिम लाभांश के तौर पर 0.60 रूपये प्रति शेयर दिए जाने का प्रस्ताव किया है|
- राजभाषा के कार्यान्वयन हेतु संसदीय राजभाशा समिति की दूसरी उप समिति ने 28.05.2013 को हमारी पार्बती-III परियोजना का मनाली में निरीक्षण कर परियोजना के राजभाषा संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की|
- एनएचपीसी को पावर क्षेत्र् की सभी कंपनियों में राजभाषा में उल्लेखनीय कार्य के लिए विद्युत मंत्रालय के तत्वावधान में एनटीपीसी द्वारा चलाई जा रही राजभाषा शील्ड योजना के अंतर्गत वर्ष 2012-13 के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया| यह पुरस्कार विद्युत मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की नई दिल्ली में 24.05.2013 को आयोजित

बैठक के दौरान केंद्रीय विद्युत राज्यमंत्री (स्वतंत्र् प्रभार) श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया के कर कमलों से श्री ए.बी.एल. श्रीवास्तव, निदेशक (वित्त) एवं श्री आर.एस. मीना, निदेशक (कार्मिक) ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया|

- तीस्ता लो डैम- III परियोजना की अंतिम यूनिट (यूनिट नं.1, 33 मेगावाट) सहित पावर स्टे को 19.05.2013 को वाणिज्यिक उत्पादन करने के लिए घोषित कर दिया गया है|
- एनएचपीसी ने हरियाणा विद्युत क्रय केंद्र से उत्तरी क्षेत्र् के 10 पावर स्टेशनों, जिनमें बैरा स्यूल, सलाल, टनकपुर, उड़ी-I चमेरा-I,II एवं III, धौलीगंगा, सेवा- II व दुलहस्ती पावर स्टेशन है, से थोक विद्युत सप्लाई करार पर हस्ताक्षर किए हैं, जो पावर स्टेशन की अंतिम यूनिट की वाणिज्यिक संचालन से 35 वर्शों तक अथवा शेष नॉर्मेटिव लाइफ|
- श्री ए.बी.एल. श्रीवास्तव, निदेशक (वित्त) की अध्यक्षता में विश्लेषकों की बैठक का आयोजन 30.05.2013 को मुंबई में किया गया| मीडिया व विश्लेषकों के साथ आयोजित बैठक में सूचनाओं का आदान-प्रदान कर उनके प्रश्नों का समुचित उत्तर दिया गया|
- पार्बती-III परियोजना की प्रथम इकाई की निर्धारित गति पर मैकेनिकल स्पिनिंग 31.05.2013 को सफलतापूर्वक प्राप्त कर ली गई है|
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों ने कुल मिलाकर माह मई 2013 के दौरान 3800.7 मिलियन यूनिट समेकित बिजली उत्पादन किया|

## अप्रैल 2013

- एनएचपीसी तथा जेएंडके स्टेट पावर डेवेल्पमेंट डिपार्टमेंट के बीच कंगन में हाइड्रो पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्रयूट की स्थापना हेतु 13.04.2013 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है| इस हाइड्रो पावर इंस्टीट्रयूट का निर्माण एनएचपीसी द्वारा किया जाएगा| इस इंस्टीट्रयूट में जम्मू कश्मीर राज्य में विद्युत उत्पादन करने वाले विभिन्न संगठनों के कार्मिकों को अभिकल्पित विशेष मोड्रयुल के तहत जलविद्युत परियोजना बनाने के लिए आयोजना, डिजाइन, निर्माण, टेस्टिंग, संचालन करने तथा ओ.एंड.एम. हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा|
- तीस्ता लौ डैम-||| जलविद्युत परियोजना (132 मेगावाट) की 33 मेगावाट की चतुर्थ इकाई ने दिनांक 01.05.2013 से वाणिज्यिक उत्पादन करने के लिए घोषित कर दिया गया है|
- एनएचपीसी को इंडियन इंस्टीट्रयूट ऑफ कारपोरेट अफेयर्स, कारपोरेट कार्य मंत्रलय, भारत सरकार के सहयोग से ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षण उत्कृष्टता के क्षेत्र में सिल्वर अवार्ड से सम्मानित किया गया है| एनएचपीसी को यह अवार्ड श्री भास्कर चटर्जी, महानिदेशक एवं सीइओ, इंडियन इंस्टीट्रयूट ऑफ कारपोरेट अफेयरस, भारत सरकार द्वारा गोवा में आयोजित ग्रीनटेक एचआर एवं कारपोरेट गर्वन्नस कांफ्रेस 2013 में प्रदान किया गया है|
- श्री आर.एस. मीना, निदेशक (कार्मिक) को इंडियन इंस्टीट्रयूट ऑफ कारपोरेट अफेयर्स द्वारा कारपोरेट कार्य मंत्रलय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए एचआर लीडर के गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है|

- निगम मुख्यालय में 15.04.2013 को बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 122वीं जन्म जयंती के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए|
- एनएचपीसी ने आरटीआई के आवेदनों के निपटान करने में श्रेष्ठ 10 सार्वजनिक प्राधिकरणों के बीच वर्ष 2012-13 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है| यह उपलब्धि और भी मायने रखती है, क्योंकि हमारी सभी परियोजनाएं, पावर स्टेशन दूर-दराज़ क्षेत्रें में अवस्थित है और वहां पदस्थापित कार्मिकों के सहयोग से हमने यह उपलब्धि अर्जित की है|
- स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन रोटरी क्लब, फरीदाबाद के सहयोग से निगम मुख्यालय में 25 अप्रैल 2013 को किया गया, जिसमें सभी कार्मिकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया|
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों ने कुल मिलाकर माह अप्रैल 2013 के दौरान 1422.8 मिलियन यूनिट समेकित बिजली उत्पादन किया है|